**THE WEST BENGAL COUNCIL OF RABINDRA OPEN SCHOOLING**
**MADHYAMIK PARIKSHA (SECONDARY EXAMINATION) DECEMBER, 2024**

# हिन्दी

**(Hindi)**

**(First Language)**

**(For New Syllabus)**

Who registered their names June, 2023 onwards.

**Time: 3 Hours 15 Minutes** **Full Marks: 90**

## General Instructions for the Examinees

Candidates should write their Name, Roll No. and Registration No. in their respective answer scripts.

The first 15 Minutes are allotted for reading the question paper. Answers should be in brief and to the point.

Write correct question no. against each answer.

Special credit will be given for answers which are brief and to the point.

Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting. In the right side the marks of questions are given.

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए ( *कोई बारह*) : 1×12=12

(i) 'बिहारी सतसई' के रचयिता हैं

(क) केशव (ख) बिहारी

(ग) चिंतामणि (घ) देव

(ii) काकी की शरण लाडली के लिए रक्षागार होते हुए भी महंगी क्यों पड़ती थी?

(क) काकी के रोने के कारण (ख) काकी बहुत डाँटती थी

(ग) काकी की लोलुपता के कारण (घ) क्योंकि वहाँ पैसे देने पड़ते थे

(iii) काबुलीवाला ने अपनी झोली से निकाल कर पहले परिचय में मिनी को क्या देने की कोशिश की?

(क) काजू और किशमिश (ख) पिस्ता और मुनक्का

(ग) किशमिश और खुबानी (घ) कुछ सूखे मेवे

(iv) 'सुनु खगेस कलि कपट ..........' - पंक्ति में 'खगेस' कह कर किसे सम्बोधित किया गया है?

(क) गरूड़ को (ख) जामवंत को

(ग) जटायू को (घ) हनुमान को

(v) किसके अफसाने सुनकर कर्नल को रॉबिनहुड की याद आती है?

(क) वजीर अली के (ख) सआदत अली के

(ग) गमसुद्दौला के (घ) आसिफुद्दौला के

(vi) गोवर्धनदास जिस नगर में पहुँचा वहाँ सभी सामान किस भाव में बिक रहे थे?

(क) दो रूपये (ख) सौ रूपये

(ग) टके सेर (घ) पाँच रूपये

(vii) 'ध्वनि' कविता का कवि पुष्प-पुष्प से क्या खींच लेना चाहता है?

(क) पराग (ख) मिठास

(ग) तंद्रालस लालसा (घ) खुशबू

(viii) 'टूटा पहिया' किसका प्रतीक है?

(क) लघुमानव का (ख) दुष्ट व्यक्ति का

(ग) प्रभावशाली व्यक्ति का (घ) शक्तिशाली व्यक्ति का

(ix) धरती का सबसे बड़ा हिमनद क्या है?

(क) हिमनद A – 15 (ख) हिमनद B – 15

(ग) हिमनद C – 15 (घ) हिमनद D – 15

(x) 'भारत-कोकिला' पाठ किस साहित्यिक विधा में लिखी गई है?

(क) जीवनी (ख) संस्मरण

(ग) वर्णनात्मक निबंध (घ) रेखाचित्र

(xi) 'रेणु' ने 'हड्डियों का पुल' रिपोर्ताज कब लिखी थी?

(क) 1960 में (ख) 1947 में

(ग) 1962 में (घ) 1948 में

(xii) 'गैर-जिम्मेदारी' से अचानक 'जिम्मेदारी' की ओर जाने को लेखक ने क्या कहा है?

(क) लक्ष्मण कूद (ख) पहाड़ कूद

(ग) हनुमान कूद (घ) उछल कूद

(xiii) आर्य-संस्कृति की दो महान देन क्या है?

(क) रवीन्द्र और गांधी (ख) विवेकानन्द और सुभाष

(ग) रवीन्द्र और नेहरू (घ) सुभाष और गांधी

(xiv) 'त्रिशंकु' का अर्थ है

(क) निराधार लटकना (ख) मजबूत नींव

(ग) एक राजा (घ) झूला

(xv) 'पीयूष वर्षीय मेघ' किसे कहा जाता है?

(क) भूषण (ख) घनानंद

(ग) बिहारी (घ) वृंद

(xvi) 'आल्हा खंड' किसकी रचना है?

(क) नरपति नाल्ह (ख) जगनिक

(ग) अमीर खुसरो (घ) चन्दवरदाई

(xvii) कवि नागार्जुन का वास्तविक नाम क्या था?

(क) यात्री (ख) वैद्यनाथ मिश्र

(ग) वैद्यनाथ शर्मा (घ) सुमन मिश्र

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अनधिक 20 – 25 शब्दों में दीजिए (*कोई छः*): 2×6=12

(i) जाँबाज सिपाही कौन था? उसे जाँबाज क्यों कहा गया?

(ii) यशोदा देवकी के पास क्या संदेश भेजती है?

(iii) बसंत को ऋतुराज क्यों कहा जाता है?

(iv) कृष्ण ने किसको चेतावनी दी? श्रोता की क्या भूल थी?

(v) लेखक द्वारा काबुलीवाला को जो अठन्नी दी गई, उसका उसने क्या किया?

(vi) बूढ़ी काकी ने कौन-सी गलती की थी और उसके लिए उन्हें क्या सजा दी गई?

(vii) तनु को ममी की कौन-सी बात अजीब लगती थी? ममी में उसे कौन नजर आता था?

(viii) गुरूदेव की किस बात के उत्तर में सरोजनी ने उनसे स्वर्ग में मिलने की बात कही?

(ix) समुद्र का जलस्तर बढ़ने से हमें क्या नुकसान होगा?

(x) गोवर्धनदास को सिपाहियों ने क्यों पकड़ा? उसे क्या सजा मिलने वाली थी?

(xi) शिक्षा का केन्द्र कैसा होना चाहिए?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही '*नौ*' प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अनधिक 40 – 50 शब्दों में): 4×9=36

(i) ब्रह्म ज्ञान बिनु नारी - करहिं विप्र गुरू घात।

(क) प्रस्तुत अंश किस भाषा में रचित है? यह किस शीर्षक से लिया गया है?

(ख) प्रस्तुत अंश का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए। 2+2=4

(ii) पाठ्यपुस्तक में निहित कवि बिहारी के दोहों के आधार पर उनकी भक्ति-भावना का परिचय दीजिए।

(iii) राष्ट्रीयतावादी कवि के रूप में 'दिनकर' के काव्य की विशेषताएँ बताइए।

(iv) तनु की ममी का चरित्र चित्रण कीजिए।

(v) 'इसे ले जाओ, चेतावनी के बतौर बेंत से पिटाई करो।'

(क) उपरोक्त आज्ञा किसने-किसके बारे में दी?

(ख) अपराधी का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 2+2=4

(vi) परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,

पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण

(क) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई हैं?

(ख) प्रस्तुत अंश की व्याख्या कीजिए। 1+3=4

(vii) 'जीवन और शिक्षण' पाठ से क्या शिक्षा मिलती है?

(viii) अज्ञेय का कवि के रूप में परिचय मिलने पर हिन्दी कवियों के प्रति श्रीमती सरोजिनी नायडू की धारणा में क्या परिवर्तन हुआ?

(ix) 'अंधेर नगरी' नाटक के आधार पर चौपट्ट राजा का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(x) 'हमें अच्छी तरह मालूम है कि वो इन्हीं जंगलों में है।'

(क) प्रस्तुत कथन के वक्ता कौन हैं?

(ख) 'वो' कहकर किसे सम्बोधित किया गया है? उसके बारे में संक्षेप में बताइए। 1+3=4

(xi) राम भक्ति साहित्य की प्रमुख विशेषताएँ बताइये।

*अथवा,*

टिप्पणी लिखिए (*कोई दो*):

मुंशी प्रेमचन्द, पृथ्वीराज रासो, घनानन्द, कामायनी। 2+2=4

(xii) पठित पाठ के आधार पर कविगुरू रवीन्द्र के जीवन पर एक लेख लिखें।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *चार* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(i) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

A moonlight night is always welcome, for it fills our heart with pleasure. It makes the whole environment enchanting and enjoyable. Even the most familiar things seem to belong to a fairy land. But a dark and dreary night is clearly disgusting. We cannot see anything in the darkness.

(ii) दुर्गापूजा की छुट्टियों में की गई यात्रा का विवरण देते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

*अथवा,*

अपने घर के पास हो रहे रोज के ट्रॉफिक जाम की शिकायत करते हुए स्थानीय थानेदार को एक पत्र लिखिए।

(iii) मुहल्ले में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता पर समाचार पत्र में छपने के लिए एक प्रतिवेदन लिखिए।

(iv) भाव-पल्लवन कीजिए :

'बीत गई सो बात गई।'

(v) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

गुलामी की बेड़ियों को झकझोरकर तोड़ने के लिए सन् सत्तावन का गदर हुआ। उससे विद्रोह की आग भीतर-ही-भीतर सुलगती रही। हर व्यक्ति में अँगरेजी शासन के विरूद्ध क्षोभ, असंतोष और घृणा थी। लोगों ने अँगरेजी सरकार के खिलाफ मोर्चा लेने के लिए कांग्रेस को जन्म दिया। बिखरी शक्तियों को एक कर नवीन रूप दिया गया। कॉंग्रेस को शक्तिशाली बनाने के लिए एक योग्य और प्रभावशाली व्यक्ति के नेतृत्व की जरूरत एक लम्बे अरसे से महसूस हो रही थी।

(क) गुलामी की बेड़ियों में कौन जकड़ा हुआ था?

(ख) लोगों के मन में अंग्रेजी सरकार के लिए कैसी भावना थी?

(ग) उपर्युक्त अनुच्छेद का एक उचित शीर्षक दीजिए। 1+2+2=5

(vi) संधि किसे कहते हैं? उसके कितने भेद हैं? उदाहरण सहित परिभाषा लिखिए।

(vii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1×5=5

(क) समास विग्रह कीजिए - महादेव

(ख) शुद्ध कीजिए - गनित

(ग) उपसर्ग पृथक कीजिए - प्रतिदिन

(घ) कारक चुने - छत पर कपड़े सूख रहे हैं

(ङ) मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें - चंपत होना

**5.** किसी *एक* विषय पर निबन्ध लिखिए (अनधिक 300 शब्दों में): 10×1=10

बालश्रम: एक घोर अपराध, पेड़ की आत्मकथा, जलवायु परिवर्तन, खेलकूद का महत्व।

---